## <u>विविध वाद संख्या 80/2024</u>

*सीआईएस संख्या 80/2024*

**घरभरन सिंह** बनाम् **सत्यनारायण सिंह वगैरह**

**दिनांक 10.03.2026 :–**

आवेदक अनुपस्थित है। आवेदक के तरफ से कोई पैरवी नहीं की गई है।

वाद पुकार पर न तो आवेदक उपस्थित हुए और न ही उसके विद्वान अधिवक्ता ही उपस्थित हुए। अभिलेख का अवलोकन किया। अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्रस्तुत विविध वाद आवेदक द्वारा नम्बरी वाद संख्या 240/2009 को प्रोबेट नम्बरी वाद संख्या 02/2010 के साथ एक ही न्यायालय में सुनवाई हेतु भेजे जाने के लिए दाखिल किया गया है।

अभिलेख के अवलोकन से यह भी स्पष्ट होता है कि आवेदक प्रस्तुत वाद में दिनांक 01.10.2024 से ही लगातार अनुपस्थित है तथा न्यायालय द्वारा लगातार निर्देशित किए जाने के बावजूद भी उसकी तरफ से न तो कोई पैरवी की जा रही है और न ही सुनवाई ही की जा रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि आवेदक को अपने वाद में कोई अभिरूचि नहीं रह गई है। अतः इसे लम्बित रखने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है। फलस्वरूप प्रस्तुत विविध वाद को अद्म पैरवी में खारिज किया जाता है।

कार्यालय नियमानुकूल अभिलेख अभिलेखागार में जमा करें।

लेखापित
ह0/–

प्रधान जिला न्यायाधीश
बक्सर
दिनांक 10.03.2026